# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in


पत्रांक 726 /06 /एके0 / MSU / 2024–25 दिनांकः 5/8/24

सेवा में,

01. प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

02. समन्वयक शैक्षणिक
विश्वविद्यालय परिसर

विषयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में हिन्दी भाषा / मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने हेतु हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड–2024" एवं "अमृत कुम्भ सम्मान–2024" के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या– ई–5410 / 32–जी0एस0 / 2023–XXVII , दिनांक : 01 अगस्त, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड–2024" एवं "अमृत कुम्भ सम्मान–2024" से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराने जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुसार हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित "अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड–2024" एवं "अमृत कुम्भ सम्मान–2024" से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

02. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

V.C.0/65
01/08/024

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

## लखनऊ–226027

संख्या:ई–5410 / 32–जी0एस0 / 2023–XXVII
दिनॉक: 01 ~~जुलाई~~ अगस्त, 2024

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

Registrar
Circulate
1.8.24
कुलपति 1. VIII. 24

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय:– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020में हिन्दी भाषा / मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने हेतु हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन,नई दिल्ली द्वारा आयोजित"अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड–2024" एवं "अमृत कुम्भ सम्मान–2024" के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन,नईदिल्ली के द्वारा "अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड–2024" एवं "अमृत कुम्भ सम्मान–2024" से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का पंजीकरण कराकर प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराये जाने विषयक इस सचिवालय को प्रेषित संलग्न पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में लिखित तथ्यों के आलोक में हिन्दी भाषा के प्रचार, प्रसार हेतु तदनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,

संलग्नक–यथोपरि।

प्रतिलिपि–हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन, नईदिल्ली को E-mail:info@hindiolympiad.com पर सूचनार्थ प्रेषित।

(हेमन्त कुमार चौधरी)
कुलाधिपति के उपसचिव

राजभवन, उ० प्र०

2024

प्राप्त

# हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

केंद्रीय कार्यालय : 145, पॉकेट 25, सेक्टर 24, रोहिणी, नई दिल्ली - 110085
संपर्क - info@hindiolympiad.com, +91 8860552255
www.hindiolympiad.com / www.hindiolympiad.edu.in

प्रतिष्ठा में,
**श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी**
महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

(हिमानी चौधरी)
विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक
राजभवन उत्तर प्रदेश

**विषय:- हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एवं विदेश मंत्रालय, भारत सरकार; रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार; केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड; केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 एवं अमृत कुम्भ सम्मान 2024 को उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में आयोजित करवाने हेतु।**

महोदया,

**शिक्षा मंत्रालय, भारत** द्वारा पारित **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** में हिंदी भाषा/मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने एवं विद्यालयों में हिंदी ओलंपियाड के आयोजन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन भी विगत कई वर्षों से देश-विदेश में छात्रों के समग्र हिंदी ज्ञान को नई ऊँचाइयों पर ले जाने की दिशा में प्रयासरत है।

हिंदी भाषा के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा सुझावित बिंदुओं पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड स्कूली छात्रों को बहुविकल्पीय, मूल्यपरक और मानक हिंदी सीखने का माध्यम प्रदान करता है। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन संपूर्ण विश्व के विद्यालयों में किया जाता है। 20 से अधिक राज्य सरकारों एवं केंद्रीय शैक्षिक प्राधिकरणों ने अपने अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड और अमृत कुंभ सम्मान की अनुशंसा की है।

आयोजन के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा के साथ-साथ सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को पूरे शैक्षिक सत्र में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा संचालित वेबसाइट (www.hindiolympiad.com) पर संस्कृति ज्ञान, हिंदी व्याकरण पाठ्यक्रम, विभिन्न अभ्यास-प्रश्न, अभ्यास-परीक्षा पत्रक एवं अध्ययन हेतु पर्याप्त प्रामाणिक सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाती है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रमाण-पत्र तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी, नकद पुरस्कार एवं पदक देकर सम्मानित किया जाता है।

हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु आपसे निवेदन है कि आप **उत्तर प्रदेश** के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में सूचना प्रसारित कर अधिकतम विद्यार्थियों तक पहुँच बनाने में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के प्रयास को सफल बनाएँ एवं नई शिक्षा नीति के मूल उद्देश्य को सफलीभूत करने की अनुमति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

धन्यवाद सहित
भवदीया
**श्रीमती हेमलता**
**संयोजिका, हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**
संपर्क: 8860313300 / ईमेल: info@hindiolympiad.edu.in

**सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा**

धर्मेन्द्र प्रधान
ଧର୍ମେନ୍ଦ୍ର ପ୍ରଧାନ
Dharmendra Pradhan

मंत्री
शिक्षा: कौशल विकास
और उद्यमशीलता
भारत सरकार
Minister
Education; Skill Development
& Entrepreneurship
Government of India



# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी ओलंपियाड का आयोजन कर हिंदी भाषा के उत्तरोत्तर विकास एवं प्रचार-प्रसार हेतु महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है।

भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है। कोई भी देश अपनी भाषा के बिना अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व को मौलिक रूप में परिभाषित नहीं कर सकता है। राष्ट्र की शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रगति में उस राष्ट्र की भाषा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसी भी सुदृढ़ एवं मजबूत राष्ट्र की पहचान इस बात से होती है कि उसकी अपनी भाषा कितनी व्यापक एवं समृद्ध है। हिंदी भाषा सहज एवं सरल होने के साथ ही अपनी समावेशी प्रवृत्ति के कारण अपने शब्द भण्डार में लगातार वृद्धि कर रही है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत यह निर्देश दिया गया है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संविधान निर्माताओं द्वारा संविधान में, अन्य बातों के साथ-साथ, यह प्रावधान किया गया कि संघ हिंदी भाषा का विकास करे और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात् करते हुए संस्कृत और अन्य भाषाओं से शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे। संविधान द्वारा प्रदत्त इस दायित्व का निर्वहन करना प्रत्येक भारतीय का कर्त्तव्य है। सभी भारतीय भाषाओं के विकास के साथ हमें हिंदी का विस्तार करना है।

मैं हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

धर्मेन्द्र

(धर्मेन्द्र प्रधान)



MOE - Room No. 301, 'C' Wing, 3rd Floor, Shastri Bhavan, New Delhi-110 001, Phone : 91-11-23782387, Fax : 91-11-23382365
MSDE - Room No. 516, 5th Floor, Shram Shakti Bhawan, Rafi Marg, New Delhi-110001, Phone : 91-11-23465810, Fax : 011-23465825
E-mail : minister.sm@gov.in, minister-msde@gov.in

आनंदीबेन पटेल
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



राज भवन
लखनऊ – 226 027

01 दिसम्बर, 2023

# सन्देश

मुझे यह जानकर अतीव प्रसन्नता हुई कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा 18 फरवरी, 2024 को 'अमृत कुम्भ सम्मान' एवं 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलपियाड–पुरस्कार वितरण समारोह' का आयोजन किया जा रहा है।

राष्ट्रभाषा हिंदी से हमारी राष्ट्रीय पहचान जुडी हुई है। यह भाषा सरल और सुगम होने के कारण सभी को एकसूत्र में पिरोये रखने का कार्य करती है। इसके प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए हमें अपनी राष्ट्रभाषा को अधिक से अधिक अपनाने पर जोर देना होगा। मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजन निश्चय ही राष्ट्भाषा हिन्दी के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

मैं आयोजन की सफलता के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

( आनंदीबेन पटेल )

डॉ. वी.के. सारस्वत
Dr. V.K. Saraswat
सदस्य
Member
Tele : 23096566, 23096567
Fax : 23096603
E-mail : vk.saraswat@gov.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
नीति आयोग, संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001
Government of India
National Institution for Transforming India
NITI Aayog, Parliament Street,
New Delhi - 110 001

02.02.2024

**संदेश**

यह जानकर मुझे प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि 'हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन' विश्व भर के विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति अनुराग उत्पन्न करते हुए सरल एवं सुबोध हिंदी के चहुंमुखी विकास, प्रचार-प्रसार तथा समृद्ध बनाने की दिशा में अथक प्रयास कर रहा है।

इसी कड़ी में, विद्यार्थियों के मन में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से और हिंदी भाषा का संवर्धन करने वाले शिक्षकों, हिंदी भाषा के विशेषज्ञों आदि के उत्साहवर्द्धन हेतु प्रोत्साहित तथा सम्मानित करने की दिशा में इस फाउंडेशन का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी "अमृत कुम्भ सम्मान" एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-पुरस्कार वितरण समारोह" का आयोजन कर रहा है। मुझे विश्वास है कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सराहनीय और अनुकरणीय कार्यकलापों द्वारा विश्व भर में हिंदी भाषा के संवर्धन और भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के प्रचार-प्रसार को नि:संदेह गति मिलेगी।

मैं हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन को अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड एवं अमृत कुम्भ सम्मान के आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ और इस आयोजन की सफलता की कामना करता हूँ।

वी.के. सारस्वत
(डॉ. वी.के. सारस्वत)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

संख्या ई 4340 / 32 जी०एस०/2023 XXVII

दिनांक 25 सितम्बर 2023

प्रेषक,

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत् हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलंपियाड–2023 एवं अमृत कुम्भ सम्मान–2023 के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन, नईदिल्ली के द्वारा इस सचिवालय को ई–मेल पर प्रेषित संलग्न पत्र दिनॉकः 10–07–2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे पुनः यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्न पत्र में लिखित तथ्यों के आलोक में हिन्दी भाषा के प्रचार, प्रसार हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक–यथोपरि।

(डॉ0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,

प्रतिलिपि–हिन्दी ओलंपियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली को उनकी E-mail: info@hindiolympiad.com पर सूचनार्थ प्रेषित।

(हेमन्त कुमार चौधरी)
कुलाधिपति के उपसचिव

हिंदी

Embassy of India
TEL AVIV

Indian Cultural Center
TEL AVIV

# International Hindi Olympiad 2024
# &
# Amrit Kumbh Samman 2024

The competition provides students and teachers from various countries an opportunity to showcase their proficiency in the Hindi language.

---

Registration link for International students: http://bit.ly/iho-int

& for school outside India: http://bit.ly/iho24-intschools

## विदेश मंत्रालय, भारत सरकार
## (Ministry of External Affairs)

ने सम्पूर्ण विश्व में स्थित भारतीय दूतावासों एवं उच्चायोग को, **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** द्वारा आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड** एवं **अमृत कुम्भ सम्मान** को विदेश में बढ़ावा देने के निर्देश जारी किए है। विदेश मंत्रालय की इस पहल पर भारतीय दूतावासों एवं उच्चायोग ने सभी देशों में इस सूचना को प्रेषित किया है।

Assistant High Commission of India
Kandy

**International Hindi Olympiad 2024**
**&**
**Amrit Kumbh Samman 2024**

*Grab the opportunity to showcase your proficiency in Hindi Language*

*Participate... Win!*

**Registration link:**
**For International students: http://bit.ly/iho-int**
**For schools outside India: http://bit.ly/iho-int**

Embassy of India

International
Hindi Olympiad 2024
&
Amrit Kumbh Samman 2024

The competition provides students and teachers from various countries an opportunity to showcase their proficiency in the Hindi language

**The registration link for International students:** http://bit.ly/iho-int
**& for school outside India:** http://bit.ly/iho24-intschools

For More Information, Kindly Visit - bit.ly/hof-mea

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित



के.मा.शि.बो./क्षे.का.(अज.)/ओलंपियाड/2024 दिनांक : 09.05.2024

प्रधानाचार्य/संस्था प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय अजमेर के अंतर्गत
के.मा.शि.बो. से संबद्ध राजस्थान एंव गुजरात राज्य के सभी विद्यालय

विषय- हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एंव विदेश मंत्रालय, भारत सरकार; केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा अनुमोदित 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड- 2024' और 'अमृत कुम्भ सम्मान- 2024' को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में आयोजित करवाने हेतु।

महोदय/ महोदया,

शिक्षा मंत्रालय, भारत द्वारा पारित नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में हिन्दी भाषा/मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने एंव विद्यालयों में हिंदी ओलंपियाड के आयोजन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन भी विगत कई वर्षों से देश-विदेश में छात्रों के समग्र हिन्दी ज्ञान को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में प्रयासरत है।

**हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के ज्ञानवर्धन हेतु **कक्षा-1 से कक्षा-10** तक के विद्यार्थियों के लिए **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड** का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आकलन, शुद्ध वर्तनी एवं भाषा व्याकरण संबंधी ज्ञान में वृद्धि के साथ एक नई उमंग प्रेरित होगी।

- **कक्षा 1 व 2** के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता एक ही चरण में आयोजित की जाएगी।
  **कक्षा 3 से कक्षा 10** के प्रतियोगियों के लिए परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया जाएगा।
  **प्रथम चरण** की परीक्षा का आयोजन विद्यालय में ही किया जाएगा।
- **प्रथम चरण** की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर कक्षा में **(80 प्रतिशत से अधिक)** अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **अंतर्राष्ट्रीय स्तर** पर आयोजित द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए नामांकित किया जाएगा।
- **द्वितीय चरण** की परीक्षा का आयोजन **'हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन'** एवं **विद्यालय** द्वारा निर्धारित केंद्र पर किया जाएगा जिसकी सूचना नामांकित प्रतियोगियों के विद्यालय / हिंदी ओलंपियाड संयोजकों को दी जाएगी।
- इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों एवं शिक्षकों को **प्रशस्ति पत्र** प्रदान किए जाएंगे।
- विद्यालय स्तर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को **प्रशस्ति पत्र** एवं **पदक** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।
- **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड ही एकमात्र ऐसा हिंदी ओलंपियाड है जिसका अनुमोदन **"केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड"** द्वारा किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी** एवं **नकद पुरस्कार** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

इस संबंध में अधिक और विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अनुलग्नक में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा जारी विवरणिका देखें या www.hindiolympiad.com पर जाएं।

अतः निवेदन है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

धन्यवाद।

भवदीय

(श्याम कुमार)
क्षेत्रीय अधिकारी

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

क्षेत्रीय कार्यालय, टोडरमल मार्ग, अजमेर (राजस्थान) - 305030
Regional Office - Todarmal Marg, Ajmer (Rajasthan) - 305030
फोन / Telephone : +91-145-2627460, 2634100, ई-मेल/E-mail : roajmer.cbse@nic.in

# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
क्षेत्रीय कार्यालय - बेंगलुरु
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
## Central Board Of Secondary Education
Regional Office – Bengaluru
(Ministry of Education, Govt. of India)

सत्यमेव जयते

के.मा.शि.बो./क्षे.का.(बेंग)/हिं.प्र./ओलंपियाड/2024/18 दिनांकः 12.04.2024

सेवा में,
सभी प्रधानाचार्य

विषयः- 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024' और 'अमृत कुंभ सम्मान-2024' के आयोजन के संदर्भ में।

महोदय/महोदया,

उर्युक्त विषय के संदर्भ में, आपको सूचित किया जाता है कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024' और 'अमृत कुंभ सम्मान-2024" का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाचार्यों को संबोधित हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन का पत्र आपके अवलोकनार्थ संलग्न किया गया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों और हिंदी शिक्षकों को 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024' और 'अमृत कुम्भ सम्मान-2024'-में भाग लेने के अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतः निवेदन है कि उक्त प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दें। इस संबंध में अधिक और विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया अनुलग्नक अनुभाग में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा जारी विवरणिका देखें या hits://www.hindiolympiad.com पर जाएं।

परिपत्र संलग्न है।

वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

धन्यवाद।

भवदीय

(जे सुनील कुमार) 12/4/2024
अवर सचिव सह राजभाषा अधिकारी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2023 - पुरस्कार वितरण समारोह एवं अमृत कुंभ सम्मान 2023 की कुछ झलकियाँ।



लेफ्टिनेंट जनरल नितिन कोहली जी
पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त)



श्री राजेश वत्स जी (अध्यक्ष), श्रीमती हेमलता जी (संयोजिका) एवं
प्रो. जगदीश मुखी जी
(माननीय पूर्व राज्यपाल, असम, नागालैंड और मिजोरम)



डॉ. बलराम पाणि जी
माननीय डीन ऑफ कॉलेजेस, दिल्ली विश्वविद्यालय


## अतिथिगण



श्री प्रदीप कुमार जी (आई.आर.एस.)



डॉ. आयुषी केतकर जी



श्रीमती रेणु सिंह जी



श्रीमती सुनीला आठले जी






पद्मश्री हंस राज हंस जी
माननीय सांसद, उत्तर पश्चिम दिल्ली एवं प्रसिद्ध गायक











श्री नितिन गडकरी जी
माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार



श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी
माननीया विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार

# हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

कार्यालय : 145, प्रथम तल, पॉकेट-25, सैक्टर-24, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

संपर्क सूत्र- 8860552255, 8860557755 ई-मेल: info@hindiolympiad.com

www.hindiolympiad.com

प्रतिष्ठा में,

आदरणीय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या जी!

विषय : अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 एवं अमृत कुम्भ सम्मान 2024 के आयोजन हेतु

**हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के ज्ञानवर्धन हेतु कक्षा-1 से कक्षा-10 तक के विद्यार्थियों के लिए **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड** का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आकलन, शुद्ध वर्तनी एवं भाषा व्याकरण संबंधी ज्ञान में वृद्धि के साथ एक नई उमंग प्रेरित होगी।

- कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता **एक ही चरण** में आयोजित की जाएगी।
  **कक्षा 3 से कक्षा 10** के प्रतियोगियों के लिए परीक्षा का आयोजन **दो चरणों** में किया जाएगा।
  **प्रथम चरण** की परीक्षा का आयोजन विद्यालय में ही किया जाएगा।
- **प्रथम चरण** की परीक्षा में विद्यालय स्तर पर **कक्षा में ( 80 प्रतिशत से अधिक )** अंक प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **अंतर्राष्ट्रीय स्तर** पर आयोजित **द्वितीय चरण** की परीक्षा के लिए नामांकित किया जाएगा।
- **द्वितीय चरण** की परीक्षा का आयोजन **'हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन'** एवं **विद्यालय** द्वारा निर्धारित केंद्र पर किया जाएगा जिसकी सूचना नामांकित प्रतियोगियों के विद्यालय/ हिंदी ओलंपियाड संयोजकों को दी जाएगी।
- इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों एवं शिक्षकों को **प्रशस्ति पत्र** प्रदान किए जाएँगे।
- विद्यालय स्तर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को **प्रशस्ति पत्र** एवं **पदक** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।
- **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड ही एकमात्र ऐसा हिंदी ओलंपियाड है जिसका अनुमोदन "**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**" एवं "**विदेश मंत्रालय, भारत सरकार**" द्वारा किया गया है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को **प्रशस्ति पत्र**, **ट्रॉफी** एवं **नकद पुरस्कार** द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि **अंतर्राष्ट्रीय स्तर** पर होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु अधिकाधिक विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर, हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विकास में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

हम आशा करते हैं कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित **'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024'** को सफल बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर आप हमें कृतार्थ करेंगे।

अपेक्षाओं के साथ,

**श्रीमती हेमलता**

संयोजिका, हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन ( संपर्क सूत्र - 8860552255, 8860557755)

**सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा**

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024

## महत्वपूर्ण जानकारी

1. इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।

2. विद्यालय द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी से **₹ 150 का प्रवेश शुल्क** लिया जाएगा। परीक्षा के संचालन एवं अन्य व्यय जैसे - डाक खर्च, डीडी शुल्क व फोटोकॉपी हेतु **विद्यालय इसमें से ₹ 20 अपने पास सुरक्षित रखेगा। (₹-रूपये)**

3. परीक्षा का आयोजन **अगस्त ( 21, 30 ), सितंबर ( 11, 27 ), अक्टूबर ( 16, 26 ) व नवंबर ( 12, 29 )** में या **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन** एवं विद्यालय द्वारा निर्धारित की गयी तिथि को होगा।

4. परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का विवरण दी गई सूची के अनुसार भरकर **परीक्षा तिथि से 15 दिन पहले तक हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के पास अवश्य पहुँच जाना चाहिए।**

5. परीक्षा की **समयावधि एक घंटा** होगी। प्रश्न-पत्र में दिए गए सभी प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे। विद्यार्थी उत्तर का सही विकल्प चुनकर ओ.एम.आर. शीट में गोला (●) भरेंगे। प्रश्न-पत्र में पूछे गए प्रश्न केवल सामान्य व्याकरण एवं भाषा ज्ञान पर आधारित होंगे।

6. सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को मॉक टेस्ट (ऑनलाइन), सैंपल पेपर एवं पिछले वर्ष के प्रश्न पत्र अभ्यास के लिए दिए जाएँगे।

**( मॉक टेस्ट जुलाई, अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे। मॉक टेस्ट में भाग लेने के लिए जल्द से जल्द पंजीकरण करें। )**

**प्रश्न का प्रकार** - मिट्टी के बर्तन बनाने वाला।

(क) बढ़ई (ख) कुम्हार (ग) लोहार (घ) सुनार

उत्तर का गोला सही तरह से भरने पर ही अंक मिलेंगे। गलत प्रकार से उत्तर देने पर कोई अंक प्राप्त नहीं होगा।

सही रूप ● गलत रूप ◎ गलत रूप ✱ गलत रूप ⊙

## विद्यालय पंजीकरण प्रपत्र भरने हेत सुझाव

1. विद्यालय पंजीकरण प्रपत्र भरने में **हिंदी भाषा** का प्रयोग करें।
2. विद्यालय का पूरा नाम एवं पता पिनकोड सहित साफ व सुंदर अक्षरों से भरें। प्रपत्र में विवरण पूर्णत: स्पष्ट व सही जानकारी दें जिससे सूचना के आदान प्रदान में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो।
3. यह सुनिश्चित कर लें कि डिमांड ड्राफ्ट HINDI OLYMPIAD FOUNDATION के पक्ष में बने और NEW DELHI में देय हो।
4. परीक्षा शुल्क **डिमांड ड्रॉफ्ट / IMPS / NEFT** के माध्यम से प्रदान किया जा सकता है।

भुगतान के लिए QR Code

| | | |
|---|---|---|
| **प्राप्तिकर्ता** | : | **Hindi Olympiad Foundation** |
| **बैंक** | : | **Punjab National Bank** |
| **खाता संख्या** | : | 16102413000599 |
| **IFSC CODE** | : | **PUNB0161010** |
| **SWIFT CODE** | : | **PUNBINBBDRG** |

5. सभी परिपत्र कोरियर/स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, **केंद्रीय कार्यालय** 145, प्रथम तल, पॉकेट-25, सैक्टर-24, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 पर भेजें।

**सभी परिपत्र WhatsApp / ईमेल के द्वारा भी अवश्य भेजें। +91 8860552255, info@hindiolympiad.com**

**पाठ्यक्रम व नमूना प्रश्नपत्रो से संबंधित अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ। www.hindiolympiad.com**

# विद्यालय पंजीकरण प्रपत्र

**हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**

विद्यालय का नाम: ....................................................................................

विद्यालय का पूरा पता : ....................................................................................

....................................................................................

.................................................................................... पिनकोड [ ]

विद्यालय का फोन नं : [ ] ई-मेल आई.डी. [ ]

प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या का नाम : ....................................................................................

मोबाइल नं. : [ ] ई-मेल आई.डी. [ ]

अध्यापक/अध्यापिका का नाम : ....................................................................................

मोबाइल नं. : [ ] ई-मेल आई.डी. [ ]

प्रतिभागियों की कुल संख्या : ....................................................................................

परीक्षा की प्रस्तावित तिथि का चयन करें-

| अगस्त | | सितंबर | | अक्टूबर | | नवंबर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 30 | 11 | 27 | 16 | 26 | 12 | 29 |
| | | | | | | | |

OR

अन्य वैकल्पिक

| D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

(कृपया विद्यालय द्वारा चुनी गई परीक्षा की तिथि यहां दर्ज करें।)

चेक/ड्रॉफ्ट/भुगतान संख्या : [ ] दिनांक : [ ]

जारीकर्ता बैंक : .................................................................. कुल राशि : [ ]

प्रतिभागियों की संख्या कक्षा अनुसार-

| कक्षा | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिभागी | | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर मोहर सहित
(प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या)

सबको शिक्षा,
अच्छी शिक्षा

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024

## प्रतियोगियों की सूची

विद्यालय का नाम: ..............................................................................................................................

| क्रमांक | विद्यार्थी का नाम | पिता/माता/संरक्षक का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

**विद्यार्थियों की कुल संख्या:** ______

**विशेष सूचना-** यह प्रारूप प्रत्येक कक्षा के लिए अलग-अलग भरा जाए। प्रतियोगियों की संख्या अधिक होने पर इस पृष्ठ की अतिरिक्त प्रतिलिपि करा सकते हैं। पत्रक में विद्यार्थियों का विवरण पूर्णतः हिंदी में ही साफ व स्पष्ट रूप में ही भरें। प्राप्त विवरण के अनुसार ही प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएँगे। हिंदी ओलंपियाड समन्वयक हमें विद्यार्थियों का विवरण हिंदी में **MS-Excel** पर ईमेल द्वारा भी अवश्य भेजें।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024
## पुरस्कार एवं सम्मान

| स्थान | अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर |
|---|---|
| प्रथम | अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ट्रॉफी, विशेष उपलब्धि प्रशस्ति-पत्र एवं ₹5100 |
| द्वितीय | अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ट्रॉफी, विशेष उपलब्धि प्रशस्ति-पत्र एवं ₹3100 |
| तृतीय | अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ट्रॉफी, विशेष उपलब्धि प्रशस्ति-पत्र एवं ₹2100 |

(दो या अधिक विद्यार्थियों के समान अंक आने पर नकद राशि को समान रूप से विभाजित कर दिया जाएगा।)

(प्रथम तीन स्थानों पर दस या दस से अधिक विद्यार्थियों के विजेता होने पर नकद राशि के स्थान पर आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।)

| स्थान | क्षेत्रीय स्तर पर |
|---|---|
| प्रथम | क्षेत्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक, विशेष योग्यता प्रशस्ति-पत्र |
| द्वितीय | क्षेत्रीय स्तर पर रजत पदक, विशेष योग्यता प्रशस्ति-पत्र |
| तृतीय | क्षेत्रीय स्तर पर कांस्य पदक, विशेष योग्यता प्रशस्ति-पत्र |

(क्षेत्र - उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर पूर्वी, भारत से बाहर)

| स्थान | विद्यालय स्तर पर (कक्षानुसार) |
|---|---|
| प्रथम | विद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक, प्रमाण-पत्र |
| द्वितीय | विद्यालय स्तर पर रजत पदक, प्रमाण-पत्र |
| तृतीय | विद्यालय स्तर पर कांस्य पदक, प्रमाण-पत्र |

(कक्षानुसार प्रतिभागी संख्या 10+ पर 1 पदक, 15+ पर 2 पदक और 25+ पर 3 पदक प्रदान किए जाएंगे।)

(मुख्य परीक्षा में 85 व अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्तर अनुसार पदक प्रदान किया जाएगा।)

❖ सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार ❖ सर्वश्रेष्ठ प्रधानाचार्य पुरस्कार ❖ सर्वश्रेष्ठ हिंदी शिक्षक पुरस्कार
(पंजीकरण संख्या के आधार पर)

**प्रत्येक प्रतिभागी विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या एवं परीक्षा प्रभारी को प्रशस्ति-पत्र एवं ट्रॉफी**
*-(प्रतियोगियों की संख्या 150 से अधिक होने पर)

**सभी प्रतियोगियों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा**

हिंदी प्रश्नोत्तरी अभ्यास के लिए सभी छात्र टेलीग्राम ऐप के माध्यम से हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन से जुड़ सकते हैं-

{ Link for Classes 1 & 2 - https://t.me/hof_class1n2, Link for Classes 3 to 5 - https://t.me/hof_class3to5,
Link for Classes 6 to 8 - https://t.me/hof_class6to8, Link for Classes 9 to 10 - https://t.me/hof_class9n10 }

हिंदी कहानियों, आत्मकथाओं, लेखों, कविताओं, ब्लॉग आदि के लिए कृपया इस लिंक पर जाएँ - www.hindiolympiad.org

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 हेतु विद्यार्थी स्लिप

प्रिय अभिभावक,

अति हर्ष के साथ हम आपको सूचित करते हैं, कि हमारा विद्यालय **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर **कक्षा 1 से कक्षा 10** तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024** में भाग ले रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए **पंजीकरण शुल्क** : 150/- रुपए प्रति विद्यार्थी है। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को **प्रमाण पत्र** प्रदान किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय विजेताओं को **प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी** एवं **नकद राशि** फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य समारोह में दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता हेतु अपनी सहमति .......................................... तक प्रदान कर कृतार्थ करें।

विद्यार्थी का नाम– ..........................................................................................

कक्षा– .............................. विभाग– .............................. अनुक्रमांक संख्या– ..............................

अभिभावक का नाम– .............................................................. संपर्क सूत्र [ ]

ईमेल [ ] हस्ताक्षर ..............................................................

- - ✂ - - - - - - - - - - - - - - ✂ - - - - - - - - - - - - - - ✂ - -

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 हेतु विद्यार्थी स्लिप

प्रिय अभिभावक,

अति हर्ष के साथ हम आपको सूचित करते हैं, कि हमारा विद्यालय **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर **कक्षा 1 से कक्षा 10** तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024** में भाग ले रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए **पंजीकरण शुल्क** : 150/- रुपए प्रति विद्यार्थी है। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को **प्रमाण पत्र** प्रदान किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय विजेताओं को **प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी** एवं **नकद राशि** फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य समारोह में दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता हेतु अपनी सहमति .......................................... तक प्रदान कर कृतार्थ करें।

विद्यार्थी का नाम– ..........................................................................................

कक्षा– .............................. विभाग– .............................. अनुक्रमांक संख्या– ..............................

अभिभावक का नाम– .............................................................. संपर्क सूत्र [ ]

ईमेल [ ] हस्ताक्षर ..............................................................

- - ✂ - - - - - - - - - - - - - - ✂ - - - - - - - - - - - - - - ✂ - -

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 हेतु विद्यार्थी स्लिप

प्रिय अभिभावक,

अति हर्ष के साथ हम आपको सूचित करते हैं, कि हमारा विद्यालय **हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन**, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर **कक्षा 1 से कक्षा 10** तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024** में भाग ले रहा है। प्रतियोगिता परीक्षा के लिए **पंजीकरण शुल्क** : 150/- रुपए प्रति विद्यार्थी है। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को **प्रमाण पत्र** प्रदान किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय विजेताओं को **प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी** एवं **नकद राशि** फाउंडेशन द्वारा आयोजित भव्य समारोह में दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता हेतु अपनी सहमति .......................................... तक प्रदान कर कृतार्थ करें।

विद्यार्थी का नाम– ..........................................................................................

कक्षा– .............................. विभाग– .............................. अनुक्रमांक संख्या– ..............................

अभिभावक का नाम– .............................................................. संपर्क सूत्र [ ]

ईमेल [ ] हस्ताक्षर ..............................................................

# हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

कार्यालय : 145, प्रथम तल, पॉकेट-25, सैक्टर-24, रोहिणी, नई दिल्ली-110085
संपर्क सूत्र- 8860552255, 8860557755   ई-मेल: info@hindiolympiad.edu.in
www.hindiolympiad.edu.in

प्रतिष्ठा में,
आदरणीय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या जी,

## विषय : 'अमृत कुंभ सम्मान 2024' हेतु प्रपत्र

महोदय/महोदया

हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा **अमृत काल एवं आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में** 'अमृत कुंभ सम्मान 2024' आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत हिंदी शिक्षकों से स्वरचित रचनाएँ आमंत्रित हैं, जो अप्रकाशित/अप्रसारित हों तथा जीवन मूल्य की परिधि में आती हों। हमारा अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता द्वारा विद्यालय अपने शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का सुनहरा अवसर प्रदान करें।

प्रतियोगिता में पद्य एवं गद्य की समस्त विधाएँ सम्मिलित की जाएँगी–

| | |
|---|---|
| कविता | (80 से 150 शब्द) |
| बाल कहानी, जीवनी, संस्मरण, निबंध, आत्मकथा, लेख, डायरी, यात्रा-वृत्तांत, रेखाचित्र आदि विधाएँ। | (300 से 500 शब्द) |
| एकांकी/नाटक | (500 से 700 शब्द) |

**श्रेष्ठ चयनित रचनाकारों को 'अमृत कुंभ सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा।** उत्कृष्ट रचनाओं को हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन की वेबसाइट www.hindiolympiad.org पर प्रकाशित किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएँगे।

प्रतिभागी अपनी स्वरचित रचनाएँ प्रपत्र पर लिखकर दिनांक 31 अक्टूबर 2024 तक उपर्युक्त पते पर व ईमेल द्वारा aks@hindiolympiad.edu.in पर भेजने की कृपा करें एवं निम्नलिखत लिंक पर पंजीकरण करें।- bit.ly/aks2024

**अमृत कुंभ सम्मान** से संबंधित प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए www.hindiolympiad.com/amrit-kumbh पर जाएँ।

अत: आपसे विनम्र निवेदन है कि इस प्रतियोगिता हेतु हिंदी शिक्षकों को प्रेरित कर कृतार्थ करें।

साभार!

अपेक्षाभिलाषी

**श्रीमती हेमलता**
संयोजिका
हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

# हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

कार्यालय : 145, प्रथम तल, पॉकेट 25, सैक्टर 24, रोहिणी, नई दिल्ली-110085
संपर्क सूत्र- 8860552255, 8860557755 ई मेल: info@hindiolympiad.com
www.hindiolympiad.com / www.hindiolympiad.edu.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## अमृत कुंभ सम्मान 2024

## प्रतियोगिता हेतु प्रपत्र

( केवल देवनागरी लिपि का प्रयोग करें )

1. कविता या विधा का शीर्षक : ..............................

2. शिक्षक/शिक्षिका का नाम: ..............................

3. पद : .............................. विषय : ..............................

आप किस स्तर के बच्चों को पढ़ाते हैं?

कक्षा: नर्सरी ☐ प्राथमिक ☐ माध्यमिक ☐ वरिष्ठ ☐ विभागाध्यक्ष ☐

4. जन्म तिथि : ..............................

5. विद्यालय का पता : ..............................

.............................. दूरभाष नं. : ..............................

6. घर का पता : ..............................

.............................. मोबाईल नं. : ..............................

7. ईमेल ( आवश्यक ) : ..............................

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रेषित कविता/विधा पूर्णत: मौलिक है तथा अभी तक यह प्रकाशित नहीं हुई है। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं संबंधित संरक्षण द्वारा इसके प्रकाशन में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

प्रतियोगी के हस्ताक्षर : ..............................

स्थान : .............................. दिनांक: ☐

( प्रतिलिपि का प्रयोग कर सकते हैं। )

"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल।।"

सबको शिक्षा,
अच्छी शिक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन के सूचना पत्रक को, सीबीएसई द्वारा मनोनीत विद्यालयों में अनुशंसित (recommend) किया गया है।

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)

F. No. 11029/64-1/2024/KVS(HQ)/Acad/C-20329/Misc Date: 22.04.2024

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
समस्त क्षेत्रीय कार्यालय

विषय:- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 और अनूप कुमार सम्मान-2024 के आयोजन के संबंध में

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन से प्राप्त पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक पढ़ने वाले छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2024 और हिंदी शिक्षकों के लिए अनूप कुमार सम्मान-2024 का आयोजन कर रहा है।

उपरोक्त ओलंपियाड का विवरण www.hindiolympiad.com पर उपलब्ध है।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस सूचना को अपने क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त केंद्रीय विद्यालयों में प्रसारित करें और छात्रों को **स्वैच्छिक आधार** पर "अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024" में भाग लेने के लिए अवसर प्रदान करें एवं हिंदी शिक्षकों को भी अनूप कुमार सम्मान-2024 में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

भवदीया

सहायक आयुक्त (शैक्षिक)

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला संस्कृति एवं भाषा विभाग

सेवा में,
निदेशक
शिक्षा निदेशालय
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054

केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा भी सभी विद्यालयों में अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड के आयोजन हेतु, हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन को अनुमोदित किया गया है।

दिल्ली सरकार ने भी हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड को अनुमोदित किया है।

www.hindiolympiad.com

# हमारे साथ जुड़े

www.hindiolympiad.com

www.youtube.com/@hindiolympiad

www.hindiolympiad.org

www.facebook.com/hindiof

www.twitter.com/hofolympiad

www.linkedin.com/company/hofolympiad

www. instagram.com/hofolympiad

info@hindiolympiad.com

हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन

8860552255, 8860557755

www.hindiolympiad.edu.in

www.hindiolympiad.com

# E-5410/GS Dated 01-08-2024

**From** Raj Bhavan Lucknow <dseducationsecup@gmail.com>

**To** <vcnduat2018@gmail.com>, <vcabvmuup@gmail.com>, <vcbuat2021@gmail.com>, <vc@bhatkhandeuniversity.ac.in>, <vc@bujhansi.ac.in>, <vc@csauk.ac.in>, <vc@ccsuniversity.ac.in>, <vcocsjmu@gmail.com>, <vcddugu@gmail.com>, <vc@aktu.ac.in>, 24 more...

**Date** 01-08-2024 13:58

E-5410-GS Dated 01-08-2024.pdf (~6.6 MB)

Respected Sir/Madam,
find the letter with the attachments.

with regards,

Hemant Chaudhary
Dy. Secretary to Governor, U.P